डीएसटी होम स्कूलिंग पॉडकास्ट का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

31 जनवरी, 2022 को राजस्थान की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जाहिदा खान ने इनोवेटिव कार्यक्रम डीएसटी-होम स्कूलिंग पॉडकास्ट का ऑनलाइन शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम से प्रारंभिक रूप से राज्य की कक्षा 6 से 10 तक के विज्ञान विषय का पाठ्यक्रम सरल तरीके से हिन्दी व इंग्लिश भाषा में उपलब्ध होगा।

प्रमुख बिंदु

- इस पॉडकास्ट कार्यक्रम से दूरदराज, आदिवासी क्षेत्रों व पश्चिमी राजस्थान के विद्यार्थियों को भी लाभ होगा एवं यह पॉडकास्ट उन विद्यार्थियों के लिये भी उपयोगी साबित होंगे, जिनके पास इंटरनेट की बैंडविथ भी अधिक उपलब्ध नहीं है।
- यह पॉडकास्ट सभी विद्यार्थियों के लिये निःशुल्क उपलब्ध होंगे तथा सभी पॉडकास्ट को विभाग के सोशल मीडिया पर यथा फेसबुक, इंस्टाग्राम पर भी उपलब्ध करवाया जाएगा, विभाग द्वारा प्रदत्त लिंक के माध्यम से विद्यार्थी न केवल संपूर्ण विज्ञान का पाठ्यक्रम पॉडकास्ट पर सुन पाएंगे बल्कि प्रश्न-उत्तर भी उनको उपलब्ध करवाए जाएंगे।
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा वर्ष 2021-22 में विज्ञान को टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिये राज्य के साइंस स्ट्रीम वाले 1700 से अधिक गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में साइंस-स्पेस क्लब स्थापित करने की घोषणा की गई है।
- विभाग की सचिव मुग्धा सिन्हा ने बताया कि पूर्व में जिस प्रकार रेडियो के माध्यम से समाचार, साइंस क्विज आदि कार्यक्रमों का प्रसारण होता था, उसी तरह से आज की डिजिटल टेक्नोलॉजी के बदलते स्वरूप का उपयोग करते हुए विभाग ने अपनी पहुँच अधिक-से-अधिक बच्चों में बनाने के लिये इस डीएसटी.-होम स्कूलिंग पॉडकास्ट की शुरुआत की है।
- इस कार्यक्रम से वे सभी बच्चे लाभान्वित होंगे, जो कि स्कूली शिक्षा से जुड़े हुए हैं अथवा किन्हीं कारणों से स्कूली शिक्षा से नहीं जुड़ पाए हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से बनाए गए कक्षा 6 से 10 तक के विज्ञान विषय के पाठ्यक्रम को बिना किताबों के सिर्फ सुनकर ही समझा जा सकता है। अत: यह बच्चों के लिये ज्ञानार्जन का एक अच्छा माध्यम साबित होंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/launch-of-dst-homeschooling-podcast